




# पर्यावरण एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण अवसर : डॉ. यादव

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 1 मार्च।** कूनो नेशनल पार्क के भीतर पालपुर फोर्ट के सामने कूनो नदी किनारे आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा 53 घड़ियाल और 25 कछुए नदी में छोड़े गए, गेवेलियस गैंगेटिक्स नाम के छोड़े गए 53 घड़ियालो में 28 नर एवं 25 मादाएं शामिल हैं। इसी प्रकार छोड़े गए 25 कछुए थ्री स्ट्रिप्ड रूफ टार्टल प्रजाति के हैं, जिनका वैज्ञानिक नाम वाटागुरु डोगोका है। घड़ियाल रिलीज कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल भी मौजूद रहे और उन्होंने भी घड़ियाल रिलीज किए।

इस अवसर पर पूर्व वन मंत्री रामनिवास रावत, सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा तुरसनपाल बरिया, उपाध्याय राज्य मंत्री दर्जा सीताराम आदिवासी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गर्ग, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामलखन नापाखेडली, भाजपा जिला महामंत्री अरविंद सिंह जादौन, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनू सोनी, भाजपा कोषाध्यक्ष सुमित सिंहल, नगरपरिषद अध्यक्ष विजयपुर कमलेश कुशवाह, सुजीत गर्ग, भाजपा मंडल अध्यक्ष बाबू सिंह यादव, मेहरबान सिंह यादव आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### यह अधिकारी रहे उपस्थित

इसके साथ ही एसीएस वन संदीप यादव, कमिश्नर सुरेश कुमार, आईजी चम्बल सचिन अतुलकर, कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, सीसीएफउत्तम कुमार, डायरेक्टर राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य एवं डीएफओ हरीश बघेल, डीएफओ कूनो आर थिरुकुराल, सामान्य केएस रंधा, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एडिशनल एसपी प्रवीण भूरिया, एसडीएम गगन सिंह मीणा, कराहल बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, विजय शाक्य आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 1 मार्च।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मेहता की अध्यक्षता में जिला न्यायालय परिसर स्थित ए.डी.आर. भवन श्योपुर में मध्यस्थता के प्रति जागरूकता हेतु मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में माननीय प्रधान जिला न्यायाधी कपिल मेहता ने उपस्थित प्रशिक्षित मीडिएटर्स, पैनल अधिवक्तागण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स एवं पैरालीगल वालेंटियर्स को अपने संबोधन में बताया कि न्यायालय के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण में अधिक समय लगता है. यदि उक्त प्रकरण को मध्यस्थता के माध्यम से निराकृत किया जाये तो पक्षकारों के लगने वाले अनावश्यक समय व धन की बचत होती है। इस अवसर पर माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा दिनांक 14.03.2026 को आयोजित होने वाली आगामी नेशनल लोक अदालत के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुये वर्णित किया कि वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, एन.आई एक्ट एवं अन्य राजीनामा योग्य प्रकरणों को यदि पूर्व में ही चिन्हित कर लिया जावे तो प्रकरणों के निराकृत होने की संभावना अधिक होती है।

माननीय प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय संजय गोयल द्वारा मध्यस्थता संबंधी प्रक्रिया से अवगत कराते हुये पक्षकारों को मध्यस्थता से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी प्रदाय की एवं उपस्थित अधिवक्ताओं को मध्यस्थता के माध्यम से प्रकरणों को निराकृत किये जाने में आवश्यक सहयोग हेतु आग्रह किया। इस अवसर पर अध्यक्ष, जिला अभिभाषक संघ, श्योपुर ओमप्रकाश गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुये बताया कि सफल मध्यस्थता हेतु अधिवक्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान आवश्यक है। मध्यस्थता कार्यक्रम में सचिव जिला अभिभाषक संघ, जिला विधिक सहायता अधिकारी, प्रशिक्षित मध्यस्थ अधिवक्तागण, लीगल एड डिफेंस श्योपुर के चीफ डिप्टी चीफ असिस्टेंट, पैनल लायर्स, एवं पैरालीगल वालेंटियर्स मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



## एक नजर में



### 49 किशोरी बालिकाओं को लगाए एचपीवी के टीके

**श्योपुर, 01 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत 14 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण का कैंप जिला अस्पताल में आयोजित किया गया, जिसमें 49 किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। इसके साथ ही सीएचसी बड़ौदा कराहल एवं विजयपुर में भी किशोरी बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया गया। जिले में लगातार टीकाकरण कार्य जारी है, ताकि शत प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण किया जा सके।

### ऑटो को तेजी व लापरवाही से चलाकर, टक्कर मार दी

**श्योपुर।** थाना कोतवाली सडक दुर्घटना फरि. विवेक पुत्र दिनेश बाथम उम्र 18 साल नि. नयावांस मोहल्ला श्योपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 28.02.26 के 08.10 बजे स्थान सात नीमडी पाली रोड श्योपुर आरोपी ऑटो चालक अरवाज उर्फअब्बू पुत्र बसारत मुसलमान नि. श्योपुर ने आपने ऑटो को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरि. की मो.सा. मे पीछे से टक्कर मार दी जिससे फरि को चोटे आई। दि. 28.02.26 के 10.52 बजे अप. क्र. 55/26 धारा 281,125 (ए) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

### वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी

**श्योपुर।** थाना मानपुर सडक दुर्घटना में मृत्यु फरि. जगदीश पुत्र बजरंग लाल मीणा उम्र 56 साल नि. सामरसा ने रिपोर्ट की कि दि. 27.02.26 के 18.30 बजे स्थान ग्राम बगडुआ के सामने श्योपुर पाली रोड आरोपी अज्ञात वाहन चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरि. के लडके दीपू मीणा उम्र 23 साल नि. सदर की मो.सा. मे टक्कर मार दी जिससे आई चोटो के कारण उसकी मृत्यु हो गई। दि. 28.02.26 के 08.46 बजे अप. क्र. 32/26 धारा 106 (1), 281, 125 (ए) बीएनएस (मर्ग क्र. 05/26 धारा 194 बीएनएस) कायम कर लिया हैं।

## सरसो उठाने पर मारपीट

**श्योपुर,1 मार्च।** थाना अगरा मारपीट फरि, सुमेर पुत्र रमेश मोगिया उम्र 26 साल नि. पिपरवास थाना अगरा ने रिपोर्ट की कि दि. 28.02.26 के 11.00 बजे स्थान सूडिया वाला खेत ग्राम पिपरवास आरोपीगण, हंसराज पुत्र लालाराम मोगिया, मोहरसिंह पुत्र लालाराम मोगिया, श्रीमती ममता पत्नी नरसिंह मोगिया, रामकली पत्नी मोहरसिंह मोगिया नि.गण सदर ने फरि को सरसो उठाने के ऊपर से मां बहन की गन्दी गन्दी गालिया दी मना करने पर लाठी डण्डो से मारपीट की एवं जान से मारने की धमकी दी। दि. 28.02.26 के 13.18 बजे अप. क्र. 09/26 धारा 115 (2), 296 (ए), 351(3),3 (5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

# पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में विज्ञान दिवस पर आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 1 मार्च।** मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में गत दिवस प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रेरणात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् के पूर्ण गान के साथ हुआ।



कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओ.पी. शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय विज्ञान का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है। जब विश्व गणना की प्रारंभिक अवस्था में था, तब भारत के विद्वानों ने खगोल विज्ञान और गणित जैसे विषयों में अद्वितीय उपलब्धियां प्राप्त कर ली थीं।

भारतीय आविष्कार एवं नवाचार विषय पर विषय विशेषज्ञ डॉ. अजीत सिंह ने प्राचीन वैज्ञानिकों जैसे आर्यभट्ट एवं भास्कराचार्य से लेकर आधुनिक युग के वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र कपानी (फाइबर ऑप्टिक्स), जगदीश चंद्र बसु एवं डॉ. सी.वी. रमन तक के योगदानों का पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत परिचय दिया। उन्होंने बताया कि भारतीय वैज्ञानिकों की मेधा एवं प्रतिभा ने भारत ही नहीं, बल्कि विश्व को नई दिशा प्रदान की है।

द्वितीय विषय विशेषज्ञ डॉ. कमलेश निगम ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय वैज्ञानिकों का योगदान केवल खोजों तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्होंने यह भी सिखाया है कि जिज्ञासा और दृढ़ संकल्प से ब्रह्मांड के रहस्यों को समझा जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के छात्र ही भविष्य के 'आर्यभट्ट' या 'कलाम' बन सकते हैं।

कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान पर आधारित प्रदर्शनी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान सत्यवीर बैरवा, द्वितीय स्थान मोहित कछावा एवं कृष्णा मीना तथा तृतीय स्थान गौरव वैष्णव एवं रेशमा बैरवा ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. लोकेंद्र सिंह जाट एवं डॉ. आसिफ कुरैशी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. सीमा चौकसे द्वारा किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति जागरूकता का संचार हुआ।

# एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 1 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर एवं जानलेवा बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एच.पी.वी. (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान 22 किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाकर अभियान की शुरुआत की गई।

**सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीनेशन आवश्यक : सीएमएचओ**



इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.एस. सिकरवार, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. मुकेश मीना, डीसीएम अमित श्रीवास्तव सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफउपस्थित रहा। यह टीकाकरण जिला अस्पताल श्योपुर, संजीवनी क्लिनिक श्योपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कराहल, बड़ौदा एवं विजयपुर पर संचालित किया।

### 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को लगाया जाएगा टीका

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.एस. सिकरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि एचपीवी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को यह टीका लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण एचपीवी संक्रमण है, जिससे बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन अत्यंत प्रभावी है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. मुकेश मीना ने स्पष्ट किया कि यह वैक्सीन पूर्णतः सुरक्षित, प्रभावी एवं वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है। एचपीवी टीकाकरण सर्वाइकल कैंसर से बचाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक पहल है।

## पुरानी रंजिश पर मारपीट

**श्योपुर, 1 मार्च।** थाना देहात मारपीट फरि. विजयसिंह पुत्र मनीराम गुर्जर उम्र 60 साल नि. रिंगनी थाना देहात ने रिपोर्ट की कि दि. 28.02.26 के 13.00 बजे स्थान महावीर मीणा के घर के पास ग्राम रिंगनी आरोपीगण भरत मीणा, लोकेश मीणा नि.गण सदर ने फरि को पुरानी रंजिश को लेकर मां बहन की गन्दी गन्दी गालियां दी मारपीट कर चोट पहुंचाई एवं जान से मारने की धमकी दी। दि. 28.02.26 के 14.47 बजे अप. क्र. 49/26 धारा 115 (2),296 (ए),351(2),3 (5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम का किया आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 1 मार्च।** इंदरगढ़ शासकीय महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परम्परा के अंतर्गत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया स कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ निलय गोस्वामी ने कियाए प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि विज्ञान के बिना विकास की राह में तीव्रता से आगे नहीं बढ़ा जा सकता स विज्ञान से गलत धारणाओं और अंधविश्वास का विनाश होता है।

देश के विकास के लिए वैज्ञानिक सोच का प्रसार आवश्यक हैए विज्ञान के द्वारा ही हम समाज में लोगों का जीवन स्तर सुधार सकते हैं स कार्यक्रम में सांदीपनि विद्यालय के शिक्षक श्री कमलेश लोधी ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हमें यह सन्देश देता है कि हमें वैज्ञानिक सोच विकसित करनी चाहिए स अंधविश्वास और कुरीतियों से दूर रहकर तर्क और प्रमाण के आधार पर निर्णय लेने चाहिए। विज्ञान हमें प्रश्न पूँछनाए जिज्ञासु बनना और नयी खोज की प्रेरणा देता है स हमें अपने देश को विकसित राष्ट्र बनाना है तो हमें विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र




आगे बढ़ना होगा और नयी पीढ़ी को शोधए नवाचार और तकनीकी विकास की ओर प्रेरित करना होगा स सांदीपनि विद्यालय की शिक्षिका मनोरमा राजे ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह दिवस प्रतिवर्ष 28 फरवरी को मनाया जाता है स इस दिन महान भारतीय वैज्ञानिक सीण् वीण् रमन ने रमन प्रभाव की खोज की थीए उनकी इस महान खोज के लिए उन्हें वर्ष 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

भारत ने विज्ञान के क्षेत्र में अनेक उपलब्धियां प्राप्त कीए आज हमारा देश अंतरिक्ष अनुसंधान, चिकित्सा, सूचना प्रोद्योगिकी और कृषि विज्ञान में निरन्तर प्रगति कर रहा हैए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने चंद्रयान और मंगलयान जैसे मिशनों के माध्यम से विश्व में भारत का गौरव बढ़ाया स श्री टेकचंद भारद्वाज ने कहा कि आइये हम सब मिलकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाएं और अपने राष्ट्र को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाएं सकार्यक्रम में भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान पर केंद्रित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया स मंच का संचालन कार्यक्रम सयोंजक डॉ सरिता सिंह ने किया और आभार श्री टेकचंद भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम में श्री धर्मेंद्र सिहारे, कमलेश लोधी श्री गिरवर प्रजापति, एदुष्यंत कर्ण, उत्तमसिह बघेल, नीरज कर्ण समस्त स्टाफ एवं छात्र ध्छात्राएं उपस्थित रहे।

## फायर ब्रिगेड चालक ने ईमानदारी की मिसाल पेश की

**इंदरगढ़, 1 मार्च।** इंदरगढ़ नगर परिषद इंदरगढ़ के कर्मचारी ने ईमानदारी का परिचय देते हुए मेन बाजार की मुख्य सड़क पर मिला 59 हजार रुपये का साइन किया हुआ चेक पुलिस को सौंप दिया।जानकारी के अनुसारए नगर परिषद के फायर ब्रिगेड चालक राजा बसोपिया को सड़क पर एक चेक पड़ा मिला। चेक पर 59ए000 रुपये की राशि अंकित थी और वह राकेश धाकड़ के नाम से बना हुआ है।ईमानदारी दिखाते हुए राजा बसोपिया ने चेक को सुरक्षित रखा और तत्काल इंदरगढ़ थाना प्रभारी गौरव शर्मा को सौंप दिया।थाना पुलिस ने बताया कि जिस किसी व्यक्ति का यह चेक हैए वह आवश्यक पहचान प्रमाण के साथ इंदरगढ़ थाने से संपर्क कर इसे प्राप्त कर सकता है। नगर में इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की जा रही है और लोग इसे ईमानदारी की मिसाल बता रहे हैं।



# शराब पीकर वाहन चलाने पर होगी सख्त कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 1 मार्च।** इंदरगढ़ पुलिस अधीक्षक सूरज वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार शिवहरे तथा एसडीओपी अजय चनाना की मार्गदर्शन में में होली त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित रूप से संपन्न कराने तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

उक्त निर्देशों के तारतम्य में थाना थरेट पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के दौरान चीना बंबा रोड पर एक फोर्ड फिगो कार क्रमांक डच् 04ब्ळ 7484 को लहराते हुए चलाते पाया गया। पुलिस बल द्वारा तत्परता से घेराबंदी कर वाहन को रोका गया। वाहन चालक से नाम.पता पूछने पर उसने अपना नाम अरमान पिता चांद बाबूए उम्र 22 वर्षए निवासी भांडेर बताया। चालक का चिकित्सीय परीक्षण कराया गयाए जिसमें डॉक्टर द्वारा उसके शराब के नशे में वाहन चलाने की पुष्टि की गई। तत्पश्चात मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई करते हुए उक्त वाहन को जप्त कर थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अरविंद भदौरिया के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक बलराम दुबेए आरक्षक मुकेश रावतए अंकित भदौरिया राहुल यादव एवं रविकांत जाटवएकी विशेष भूमिका रही। थाना थरेट पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि होली के त्यौहार पर कोई भी व्यक्ति शराब पीकर वाहन न चलाए। यदि कोई व्यक्ति नशे की हालत में वाहन चलाते पाया जाता है तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए वाहन जप्त किया जाएगा। थाना थरेट पुलिस का उद्देश्य होली पर्व को सुरक्षितए शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना है।

# शीतला माता मंदिर मार्ग से हटेगा अतिक्रमण

**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 1 मार्च।** नगर के प्रमुख धार्मिक स्थल शीतला माता मंदिर के पास निर्माणाधीन सड़क मार्ग से अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। दतिया कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े के निर्देशानुसार सेवढ़ा

**एसडीएम अशोक अवस्थी ने दुकानदारों व आमजन के साथ की महत्वपूर्ण बैठक**

एसडीएम अशोक अवस्थी ने शुक्रवार रात्रि लगभग 8 बजे शीतला माता मंदिर प्रांगण में दुकानदारों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ बैठक आयोजित कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को लेकर विस्तृत चर्चा कीएबैठक में एसडीओपी सेवढ़ा अजय



चाननाए इंदरगढ़ थाना प्रभारी ;टीआईद्धगौरव शर्मा नगर परिषद सीएमओ विजय बहादुरए सब इंजीनियर नंदकिशोर गोस्वामी सहित नगर परिषद एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रशासनिक अधिकारियों ने उपस्थित व्यापारियों एवं आमजन को बताया कि शीतला माता मंदिर मार्ग नगर का महत्वपूर्ण मार्ग हैए जहां सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर हैए लेकिन मार्ग के दोनों ओर किए गए अतिक्रमण के कारण निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है तथा यातायात व्यवस्था भी बाधित हो रही है।

एसडीएम अशोक अवस्थी ने स्पष्ट रूप से कहा कि सड़क को निर्धारित मापदंड के अनुसार विकसित किया जाना आवश्यक हैए जिससे आम नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा सड़क की चौड़ाई 41 फुट निर्धारित की गई हैएइसलिए सभी अस्थायी एवं स्थायी अतिक्रमण को हटाया जाना अनिवार्य होगा। बैठक के दौरान दुकानदारों एवं स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन के निर्णय का समर्थन करते हुए सहयोग का आश्वासन दिया। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सभी दुकानदार स्वयं 41 फुट सीमा तक अपने अतिक्रमण हटाएंगे। प्रशासन द्वारा दुकानदारों को 5 मार्च तक स्वेच्छा से दुकानें खाली कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

### सड़क चौड़ीकरण से सुगम होगा यातायात

अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा के बाद यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो प्रशासन द्वारा नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अतिक्रमणकर्ताओं की होगी। बैठक में प्रशासन ने नागरिकों से नगर विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि सड़क चौड़ीकरण से क्षेत्र में यातायात सुगम होगा दुर्घटनाओं में कमी आएगी तथा मंदिर क्षेत्र की व्यवस्थाएं भी बेहतर होंगी।इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारीए नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासन की पहल को नगर विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।